''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, | अंक 119 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | बुधवार, 30 अप्रैल 2025 | samachargate@gmail.com





## धाकड़ छौरे व छौरियां देश में हरियाणा की छोड़ेंगे अमिट छाप : नायब सैनी

### भारतीय प्रशासनिक सेवा व अन्य सेवाओं में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया समारोह



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण हरियाणा के 64 अभ्यार्थियों को सम्मानित कर बधाई दी और आशा व्यक्त की है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे और सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे। इसमें जिला फरीदाबाद से यूपीएससी में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों में बल्लभगढ़ निवासी नम्रता अग्रवाल (रैंक 214), सेक्टर 28 निवासी कनिष्क अग्रवाल (रैंक 279) एवं फरीदाबाद निवासी पूनम कसाना (रैंक 485) शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों अभ्यार्थियों को पवित्र गीता और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री आज अपने निवास संत कबीर कुटीर में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा–2024 के नवचयनित हरियाणा के होनहार अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आप सभी युवा विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं, देश को आपसे काफी उम्मीदें हैं। विश्वास है कि आप देश के हर हिस्से में पहुंचकर भारत की अनेकता में एकता के भाव को मजबूत करने के साथ–साथ हरियाणा का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले हरियाणा के युवा नौकरी पाने के लिए विधायकों व मंत्रियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, परंतु वर्ष 2014 के बाद प्रदेश सरकार ने मिशन मेरिट व बिना खर्ची–बिना पर्ची के सरकारी नौकरी देने के सिस्टम को लागू किया है। उसके बाद युवा कोचिंग सेंटरों में कोचिंग लेकर सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 1 लाख 75 हजार युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के छोटे से छोटे गांवों में भी 5–6 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। बड़े गांवों में तो यह संख्या 350–400 है। इस मौके पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अभ्यर्थियों से महाभारत ग्रंथ के हर अध्याय से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गीता हमे कर्म का संदेश देती है और हमे कर्म से लोगों की भलाई करनी है। इसी का अनुकरण करते हुए आप अपनी आगामी सेवाओं के माध्यम से देश की भलाई का कार्य करेंगे। इस दौरान सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम पांडुरंग ने कहा कि आप एक बहुत कठिन परीक्षा पास करके आए हो। अपने लक्ष्य को पाने के लिए आपने कठिन परिश्रम और मेहनत की है। अब सब तक अलग–अलग भूमिकाओं में देश के लिए सेवाएं देंगे। अब आपकी जिम्मेदारी बढ़ गई है और आपका उदेश्य बड़े स्तर पर लोगों की भलाई का होना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी बीबी भारती, विवेक कालिया, अन्य अधिकारी व सफल अभ्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।

## कांग्रेस के बयान आतंकवादियों के हौसले बढ़ाने वाले : पंडित मोहनलाल बड़ौली



समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। कांग्रेस के एक्स अकाउंट पर एक फोटो शेयर को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के बयान आतंकवादियों के हौंसले बढ़ाने वाले हैं। आतंकियों और कांग्रेस की मिली–जुली सोच बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा शेयर की गई फोटो ''सर तन से जुदा'' वाली घृणित मानसिका का प्रतिबिंब है। श्री बड़ौली मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्षों की मीटिंग लेने पहुंचे थे। यहां श्री बड़ौली ने मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया और प्रदेश में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी भी दी।

मीटिंग के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदा ही विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमले पर उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म को टारगेट किया है। आतंकियों की भारत में हिंसा भड़काने की जो मंशा थी वह कभी पूरी होने वाली नहीं है। देश की 140 करोड़ जनता का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। पीएम मोदी आतंकवाद को नेस्तानाबूद करने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ जो कड़े निर्णय लिए हैं जनता ने उनका स्वागत किया है।

श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक शासन किया और उनके समय में आतंकवादी घटनाएं भी हुई। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए सदा सरकार का साथ दिया। कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के लोग भले ही सर्वदलीय बैठक में आए, लेकिन बाहर निकलते ही उलटी सीधी बयानबाजी करते हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार आतंकियों को तो सजा देगी ही साथ ही आतंक का पालन पोषण करने वालों को भी कड़ा सबक सिखाएगी।

जिला अध्यक्षों के साथ हुई बैठक के बारे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज 17 जिलों के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक हुई है। 10 जिलों के जिला अध्यक्षों के साथ सोमवार को गुरुग्राम में बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि सभी जिला अध्यक्षों से जिलेवार मंडल कार्यसमिति और पदाधिकारियों की नियुक्ति के बारे में चर्चा हुई। पिछले दिनों हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी जिला अध्यक्षों को शीघ्र अपने–अपने जिलों की टीम बनाने के दिशा निर्देश दिए हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में हमारे सभी मंडलों के पदाधिकारियों की नियुक्तियां हो चुकी हैं और अब जल्द ही जिला के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी जाएगी। मोर्चों और प्रकोष्ठों की टीम की घोषणा भी शीघ्र कर दी जाएगी। आज की बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा जी और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया भी मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम का जीवन आदर्श, प्रेरणा ले युवा पीढ़ी : कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा



समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन से साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य, विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श जीवन को अपनाने के लिए हमें मिलकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा, तभी समाज मे न्याय व समता की स्थापना होगी।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मंगलवार को सोनीपत रोड टी पॉइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौंक पहुंचकर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए व हवन में आहुति डाली। इससे पूर्व उन्होंने पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले वीर नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मंत्री ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सदैव आदर्श रहा है। उन्होंने पितृ भक्ति, गुरू भक्ति के साथ–साथ समाज के महत्वपूर्ण पहलुओं को छूते हुए समाज मे बदलाव के ध्वजवाहक बने। भगवान परशुराम ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए धर्म की स्थापना की। उनका लक्ष्य सभी को साथ लेकर चलने और जरूरतमंद की भलाई करने का रहा। उन्होंने समाज की बुराईयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और हमें आज उनके बताए मार्ग पर समाज को एक–एक करके आगे बढाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने कमजोर वर्ग के प्रति दयालुता के भाव के साथ उनके उत्थान को लेकर जो मार्ग प्रशस्त किया है, आज केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अंत्योदय उत्थान के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

## भगवान परशुराम संपूर्ण हिन्दु समाज के है और वे चिरंजीवी है : धनेश अदलक्खा

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर मोहयाल सभा ने किया सुन्दरकांड पाठ व भण्डारे का आयोजन



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव पर मोहयाल सभा फरीदाबाद द्वारा एनएच–5 नेशन हट के मोहयाल भवन में सुन्दरकांड का पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बडखल के विधाधक धनेश अदलक्खा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सभा के प्रधान रमेश दत्ता,महासचिव केएस बाली,वरिष्ठ उप्रपधान नगेन्द्र दत्ता,उपप्रधान प्रमोद दत्ता व विनय बक्शी,कोषाध्यक्ष मिथलेश दत्ता,संगठन सचिव भारत भूषण दत्ता ने विधायक धनेश अदलक्खा का मोहयाल भवन में पधारने पर फूलों की माला से स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन सभा की सरंक्षक सुमन दत्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर धनेश अदलक्खा ने कहा कि परशुराम जयंती का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। भगवान परशुराम किसी समाज विशेष के आर्दश नहीं है,वे संपूर्ण हिन्दु समाज के है और वे चिरंजीवी है। भगवान विष्णु ने पापी,विनाशकारी तथा अधार्मिक राजाओं का विनाश कर पृथ्वी का भार हरने हेतू परशुराम जी के रूप में छठवा अवतार धारण किया था। प्रधान रमेश दत्ता ने कहा कि त्रैतायुग से द्वापर युग तक परशुराम के लाखों शिष्य थे। परशुराम जी ने ही महाभारत काल के वीर योद्वाओं भीष्म द्रोणाचार्य और कर्ण को अस्त्र शस्त्रों की शिक्षा दी थी। उन्होनें ही भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। ऐसा माना जाता है कि वे कल्प के अंत तक धरती पर ही तपस्यारत रहेगें। इस मौके पर महिला विंग की बाला बाली, निशा दत्ता, सुमन दत्ता, गायत्री छिब्बर, श्रीमति वैध व विशाल बाली सहित कई मोहयाल सदस्यों ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत रखी

### समाधान शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता चन्नी लाल बांगा ने सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत रखी




समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। सेक्टर–12 लघु सचिवालय में लगाए समाधान शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता चन्नी लाल बांगा ने जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के समक्ष रखी सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत रखी

शिकायत में बताया मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूं। समाज में गलत कार्य करने बाले लोगों के खिलाफ आवाज उठाता हूं। उन्होनें बताया कि भूमाफिया देशराज ने नगर निगम अधिकारियों व तहसीलदार सेल्स से मिलीभगत कर सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। समाजसेवी चुन्नी लाल बांगा ने बताया कि डबुआ–पाली रोड पर नगर निगम कार्यालय के पास सरकार की बेशकीमती जमीन पर भूमाफिया देशराज ने कब्जा करके वहां पर अंग्रेजी व देसी शराब का ठेका व अन्य दुकानें खोलकर नगर निगम को पिछले लगभग 9 वर्षों से लाखों रूपये का चूना लगाया। मैंने जब तहसीलदार सेल्स से इस बारे में जानकारी हासिल की तो उनकी तरफ से जवाब आया कि खसरा नंबर 15/4/2 रकबा 9 मरला की यह सरकारी जमीन यूनियन ऑफ इंडिया की मलकियत है। इससे यह बात साफ होती है कि नगर निगम के अधिकारी व तहसीलदार सेल्स किस तरह से भूमाफिया देशराज के साथ मिलकर जमीनों का घोलमाल कर सरकार को भारी राजस्व का चूना लगा रहा है। चुन्नी लाल बांगा ने बताया कि हद तो तब हो गई जब वह ठेके के पीछे 15/7/1 की खाली प्लाट का नगर निगम की मिलीभगत से स्टे ले आया जबकि ठेका व अन्य दुकाने खसरा नंबर 15/4/2 रकबा 9 मरला पर कोई केस नहीं है। श्री बांगा ने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि भूमाफिया को कानून का कोई डर नहीं है और वो कोट और जिला उपायुक्त को भी गुमराह कर रहा है। चुन्नी लाल बांगा ने कहा कि ऐसे भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कारवाई कर पिछले 9 वर्षो का किराया रिकवर किया जाए और इस देशराज भूमाफिया पर कानूनी कारवाई करके सरकारी जमीन पर से कब्जा हटवाकर सरकार इसे अपने कब्जे में ले। जिला उपायुक्त ने चुन्नी लाल बांगा की बात ध्यान से सुनने के बाद तुरंत एसीएम फरीदाबाद को इसकी जांच करने और गडबड़ी पाए जाने पर तुरत एक्शन लेने के लिए कहा।






# पत्रकारों को एकजुट होकर सामाजिक लड़ाइयां लड़ने में भी आगे रहना चाहिए : विपुल गोयल

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बल्लबगढ़ पत्रकार एसोसिएशन के अभिनंदन समारोह में शिरकत की





**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** हरियाणा के राजस्व और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि पत्रकार कलम चलाने के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकार यूनियन ज्यादा नहीं बननी चाहिए, बल्कि पत्रकारों को एकजुट होकर सामाजिक लड़ाइयां लड़ने में भी आगे रहना चाहिए। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल बल्लबगढ़ की अग्रवाल धर्मशाला में बल्लबगढ़ पत्रकार एसोसिएशन द्वारा रविवार आयोजित नागरिक अभिनंदन और स्वास्थ्य जांच शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ वैसे अग्रवाल समाज के जिला प्रधान रमेश अग्रवाल, उद्योगपति विनोद गर्ग, पंकज गर्ग तथा नरेश गोयल, अंजना सुंदर शर्मा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मूर्ति दलाल मौजूद थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर करके किया गया। श्री गोयल का संगठन के पत्रकारों ने बुके फूल मालाओं से स्वागत किया। संस्था की ओर से यूपीएससी पास करने वाली नम्रता अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

कैबिनेट मंत्री गोयल ने कहा पत्रकार वह आइना है जो सभी को सही और गलत दिखाने का काम करता है। पत्रकारों की लेखनी से नेताओं को भी सही और गलत का एहसास होता है। स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। करीब 100 लोगों को मुफ्त चश्मा और दवाइयां वितरित की गई। 25 लोग ऑपरेशन के लिए चयनित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन एमपी सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान विनोद मित्तल, कार्यकारी महासचिव वेद वशिष्ठ, अमित कुमार, सुमित गोयल,कविता गौड. अनुराग गर्ग, संजय शर्मा, भूपेंद्र सैनी, तरुण तायल, निश्चित शर्मा, महेंद्र गोला, सुनील कुमार जांगड़ा, धीरज कौशिक, ओम प्रकाश इत्यादि पत्रकार मौजूद रहे इस मौके पर वैश्य अग्रवाल समाज के प्रधान भगवान दास गोयल, वस्त्र व्यापार मंडल के प्रधान संजय गुप्ता, प्रेम खट्टर, मोहन रोड के प्रधान प्रदीप गुप्ता, श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट, लखदातार सेवा ट्रस्ट, पीयूष गोयल बल्लभगढ़ समाज,डॉक्टर एनडी तिवारी, डॉ मानसिंह, महावीर इंटरनेशनल फाउंडेशन के प्रधान अजीत पटवा, जितेंद्र सिंगला, एडवोकेट, सैनी समाज के प्रधान भगत सिंह सैनी, बिजली निगम के एसडीओ मनोज कुमार और अमरजीत सिंह, जाट महासभा के जिला प्रधान संदीप चौधरी और पत्रकार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# पहलगाम के शहीद पर्यटकों को फ्रैंडस सोशल वकर्रज एसोसिएशन ने दी श्रृद्धांजलि



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादी घटना में शहीद हुए हिन्दु पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए फ्रैंडस सोशल वर्करज एसोएिशन के पांच नंबर मार्किट स्थित कार्यालय पर श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था ने उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी जिसमें चेयरमेन दौलतराम चड्डा,प्रधान गुलशन सहगल,महासचिव मुकेश मल्होत्रा,वरिष्ठ उपप्रधान नवजीवन गौसांई,कोषाध्यक्ष संदीप गेरा,उपप्रधान बंसीलाल कुकरेजा व सहसचिव राकेश मेहरा सहित अन्य सदस्यों ने शहीद पर्यटकों को श्रृद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन दौलतराम चड्डा ने कहा कि पूरा हिन्दुस्तान भारत सरकार का समर्थन कर रहा है और हम आशा करते है कि सरकार आंतकवादियों और उनके आकाओं के खिलाफ कड़ा से कड़ा एक्शन लेगी। आंतकवादियों ने जिस तरह पर्यटकों को धर्म पूछकर उन्हें मौत के घाट उतारा ऐसी घटना वाकई में मानवता को शर्मसार करती है। प्रधान गुलशन सहगल ने कहा कि संस्था इस आंतकी हमले की घोर निन्दा करती है। इस नरसंहार में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खो दिया है उनके प्रति संवेदना व्यक्त करती है। दिवंगत आत्माओं को प्रभु अपने चरणों में स्थान दे व उनके परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। महासचिव मुकेश मल्होत्रा ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ जो प्रस्ताव पास किए है हम उनके साथ है। हम दिल से मांग करते है कि अब अति हो गई है और इस आंतकवाद को जड़ से उखाड़ फैंकनें का समय आ गया है। संदीप गेरा ने कहा कि यह एक कायरतापूर्ण हमला है और आंतकवादियों की भाषा में ही भारत सरकार जल्दी ही इसका जवाव देगी। नवजीवन गौसांई,बंसीलाल कुकरेजा और राकेश मेहरा ने कहा कि पहलगाम हमले से हर भारतीय की आंख नम है। ऐसे कठिन समय में पूरा देश एकजुट है और आंतकवाद से डरने या झुकने वाला नहीं है। इस मौके पर विजय भाटिया,अशोक गुप्ता,बलराम,राजेश गौसांई,संजय साहनी,रमेश गुलाटी,सतीश,जगदीश बलदेव सिंह,अनिल आनन्द,एस.एस जैसवाल,जगदीश भाटिया,आशीष सिंह,प्रदीप मल्होत्रा,कशिश सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी के कार्यालय पर लगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** वन क्वेस्ट लेबोरेटरीज द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी के कार्यालय सेक्टर 37 अशोका एनक्लेव पार्ट 2 में रविवार को फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें ब्लड टेस्ट को लेकर काफी भीड़ रही। इस कैंप मे डॉ सुनील गुप्ता द्वारा फिजियोथैरेपिस्ट फ्री कंसलटेंट , और डॉ दिलीप द्वारा ब्लड टेस्ट,ब्लड शुगर फार्सटिंग टेस्ट, ब्लड प्रेशर, सहित कई टेस्ट की फ्री सेवा उपलब्ध रही। इसके साथ ही फुल बॉडी चेकअप टेस्ट सहित कई टेस्ट मार्किट से न्यूनतम रेट पर उपलब्ध रहे। इस मौके पर उमेश भाटी ने कहा कि आज की भागदौड़ की लाइफ में लोग अपनी हेल्थ के प्रति काफी लापरवाह हो चुके है। जारी सी कोई भी बीमारी होने पर हल्की फुल्की मेडिसन ले लेते है लेकिन टेस्ट करवाने में लापरवाही कर जाते है। ऐसे में जब इस तरह के कैंप लगते है तो लोगों का इसका लाभ अवश्य उठाते है। आज करीब 100 से ज्यादा लोगों ने अपना विभिन्न बीमारियों को लेकर टेस्ट करवाया है लोगों ने जिस तरह से आज के कैंप में उम्मीद से ज्यादा लोगों ने आकर के टेस्ट करवाया है। उसको देखते हुए आने वाले समय में इससे बड़ा और ज्यादा टेस्ट की सुविधा रखी जाएगी। जिससे लोगों को इस तरह के कैंप का लाभ मिल सके। इस अवसर पर लाखन सिंह, शैलीन मंगला , रमेश प्रसाद, लोकेश गोयल, विमलेश कुमारी, कल्पना सिंह, मोनिका, पुनीत, आदि लोगो का सहयोग रहा।

# भाजपा फरीदाबाद ने की 15 में से 13 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित



**सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मंडल कार्यकारिणी में दिए गए दायित्व : पंकज रामपाल**

**बूथ को मजबूत कर संगठन को मजबूत करें मंडल कार्यकर्ता : पंकज रामपाल**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा फरीदाबाद जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल की सहमति से भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर भारतीय जनता पार्टी जिला फरीदाबाद की 3 विधानसभाओं तिगांव, फरीदाबाद एवं बडखल के 15 में से 13 मंडलों के मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, बडखल से विधायक धनेश अदलखा,बिहार से पूर्व सांसद राम कृपाल यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता उपरस्थित रहे और उन्होंने सभी नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। मंडलों की कार्यकारिणी में मंडल अध्यक्ष के अलावा दो महामंत्री, चार उपाध्यक्ष, पांच सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय सचिव, एक मीडिया प्रमुख, एक सोशल मीडिया प्रमुख, एक आईटी प्रमुख और कार्यकारिणी सदस्यों समेत कुल 46 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और भाजपा में परिवारवाद नहीं चलता। लोकतान्त्रिक प्रक्रिया से चयनित सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए जाते हैं। मंडल कार्यकारिणी में जिन कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है वो लंबे समय से पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे हैं और उन्होंने विभिन्न सांगठनिक पदों पर निष्ठापूर्वक कार्य किया है।

उनकी संगठन क्षमता, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय और जनसंपर्क कौशल को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा में महिलाओं को उचित सम्मान दिया जाता है इसलिए हर मंडल कार्यकारिणी में 33% महिलाओं को स्थान दिया गया है और अनुसूचित एवं पिछड़े वर्ग के कार्यकर्ताओं को भी स्थान दिया गया । श्री रामपाल ने कहा कि आप सभी कार्यकर्त्ता मेहनत और निष्ठा से कार्य कर संगठन को मजबूत करें और अपने मंडल को सुदृढ़ एवं सक्रिय मंडल बनायें । श्री पंकज रामपाल ने कहा कि मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा से संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी और संगठन और अधिक मजबूत होगा।इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुनीता झा, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता,सह प्रभारी राज मदान, कार्यालय सह सचिव सचिन गुप्ता, कृष्णकुमार शर्मा, गुरु नानक मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, ,सैनिक मंडल अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, पटेल मंडल अध्यक्ष कर्मबीर सिंह बैंसला, सूरजकुण्ड मंडल अध्यक्ष नन्द कुमार कश्यप, ओल्ड फरीदाबाद मंडल अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, सीही मंडल अध्यक्ष महेश कुमार, ग्रेटर फरीदाबाद मंडल अध्यक्ष तृप्ति माला, बसंतपुर मंडल अध्यक्ष गौरव चौधरी, सेहतपुर मंडल अध्यक्ष मुकेश झा, तिलपत मंडल अध्यक्ष हरीश बैंसला, इन्द्रप्रस्थ मंडल अध्यक्ष राजेश चौधरी, खेडी मंडल अध्यक्ष सुधीर मेहता तिगांव मंडल अध्यक्ष कृष्ण पहलवान उपरस्थित रहे।

# 'मन की बात' युवाओं के लिए चेतना और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का स्रोत : रामकृपाल यादव

**प्रधानमंत्री मोदी जी के विचारों से देशवासियों में जागरूकता और ऊर्जा का संचार होता है: पंकज पूजन रामपाल**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बिहार से पाँच बार के लोकसभा सांसद रहे वरिष्ठ भाजपा नेता राम कृपाल यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत 'मन की बात' कार्यक्रम आज देश के युवाओं के लिए चेतना और जागरूकता का सशक्त माध्यम बन चुका है। श्री यादव ने कहा कि मोदी जी इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता से संवाद स्थापित करते हैं और छोटी-छोटी मगर महत्वपूर्ण बातों को बड़े ही प्रभावी ढंग से सामने लाते हैं। श्री यादव फरीदाबाद के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' में आयोजित 'मन की बात' के 121वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, पार्षद कुलदीप साहनी, पुनीता झा, सतेन्द्र पांडे, नीरज मित्तल, संदीप बंसल, अनिल मलिक, संजय अरोड़ा, सुनील आनंद सहित अनेक कार्यकर्ता उपरस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष श्री पंकज पूजन रामपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद जिले के सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया, जिससे यह सिद्ध होता है कि यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा, हर माह की तरह इस बार भी 'मन की बात' कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के विचारों से लोगों में राष्ट्र सेवा का जज्बा और नव ऊर्जा का संचार होता है। श्री रामपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार के 'मन की बात' में पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गहरी संवेदना व्यक्त की और स्पष्ट किया कि दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाएगा।

# के.वि.एस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु दृढ़ संकल्प को मन,वचन व कर्म से निभाते हुए विभिन्न शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आयोजन में सदैव अग्रणी केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग द्वारा क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन समारोह 25 अप्रैल 2025 को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक ३,फरीदाबाद में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भारती कुक्कल द्वारा किया गया ड्ढ इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य खेल चेतना का विस्तार, नवोदित खेल प्रतिभाओं का सम्मान तथा युवाओं में खेलों के प्रति प्रगाढ़ अनुराग उत्पन्न करना है। इस भव्य आयोजन के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयोंसे आए लगभग 52 प्रतिभागियों ने टेबल टेनिस, स्केटिंग -14, 17 एवं 19 केटेगरी के तहत प्रतियोगिता मे भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 31 एवं सेक्टर 12 के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मे किया गयाड्ढ विद्यालय के पांच विद्यार्थियों का जुडो एवं कराटे मे राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। यह समारोह न केवल खेलकूद की महत्ता का प्रतीक बना, बल्कि युवा प्रतिभाओं को उनके खेल कौशल को विकसित करने एवं खेलों के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

# धर्म पूछकर लोगों की हत्याएं कर किया मानवता को शर्मसार : गौरव चौधरी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 28 हिन्दुओं की नृशंस हत्या को लेकर देशभर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में आज युवा कांग्रेसी नेता गौरव चौधरी ने अपने कार्यालय पर युवा कांग्रेसियों ने एक बैठक कर दो मिनट का मौन रखकर व कैंडल इत्यादि जलाकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर युवा कांग्रेसी नेता गौरव चौधरी ने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर जिस प्रकार से लोगों की हत्याएं की है, उसने मानवता को शर्मसार करने का काम किया है, ऐसे आतंकियों के खिलाफ भाजपा सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि इस प्रकार के हमले का दुस्साहस करने से पूर्व आतंकी दस बार सोचे। श्री चौधरी ने इस घटना की निंदा की और सरकार से मांग की कि आतंकियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए इन्हें मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। इस मौके पर पीयूष चौधरी, प्रिंस कदमावल, लकी, प्रिंस गुप्ता, पंकज, सौरव, गौरव गोयल, राकेश, गौतम खरे आदि लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पहले पुलवामा और अब पहलगाम जैसे जख्म हिन्दुस्तान ने बहुत सहन कर लिए है, लेकिन अब सरकार को इनका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए और पाकिस्तान से सभी रिश्ते खत्म करके कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। गौरतलब है कि युवा कांग्रेसी नेता गौरव चौधरी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल कुमार नेताजी के सुपुत्र है और हाल ही में उन्होंने युवा कांग्रेस संगठन का बडखल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा है और सक्रिय राजनीति में अपनी भागेदारी निभा रहे है और ट्रामा सेंटर व रेफर मुक्ति को लेकर चल रहे आंदोलन का भरपूर समर्थन करते हुए गौरव चौधरी ने उन्हें समर्थन दिया और सरकार से इस मांग को पूरी करने की पुरजोर अपील की है।

# विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्र रक्षा मंच ने पहलगाम में मुसलिम आतंकवादियों द्वारा किए गए हिंदुओं के क्रूर नरसंहार के विरोध में दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** कश्मीर के पहलगाम में मुसलिम आतंकवादियों द्वारा किए गए हिंदुओं के नृशंस हत्याकांड से पूरे विश्व का संपूर्ण हिंदू समाज अत्यंत दुखित और आक्रोशित है यह पहली बार हुआ है जब धर्म पूछ कर हिंदुओं को चुन चुन कर मुसलिम आतंकियों द्वारा मारा गया है पहलगाम में किया गए हिंदुओं के इस अत्यंत क्रूर नरसंहार की हम सभी अपनी संस्थाओं की ओर से पूरी ताकत से भर्त्सना करते हैं विश्व हिंदू परिषद राष्ट्र रक्षा मंच ने मिलकर हुए हिंदू नरसंघार को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा और देश की सरकार से भी आग्रह करते हैं कि वह आतंकवादियों और इस हिंदू विरोधी मानसिकता के संपूर्ण नाश के लिए और अधिक कड़े कदम उठाए और इन आतंकवादियों को पैदा करने वाले पाकिस्तान को भी कड़ा सबक सिखाएं। हम आपसे आग्रह करते हैं कि हिन्दुओं की आत्मरक्षार्थ भी शीघ्र अतिशीघ्र हथियार के लाइसेन्स की अनुमति दी जाए।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेत्री | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| कृमि | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

# संपादकीय

## कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, तब वहां जैसी चौकसी बरती जानी चाहिए थी, उसका अभाव क्यों देखने को मिला?

जिस तरह से धर्म और नाम पूछकर आतंकवादियों ने हिन्दुओं का नरसंहार किया उससे समूचा राष्ट्र आक्रोश में है। भारत की बेटी जिस की हाथों की मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं हुआ था और तीन दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी, उसकी अपने पति भारतीय नौसेना के लेफ्टीनेंट विनय नरवाल के शव के साथ तस्वीर देखकर समूचे देश का दिल दहल गया। हैदराबाद के आईबी अधिकारी मनीष रंजन को पत्नी और बच्चों के सामने मार दिया गया, ऐसे ही दर्दनाक दृश्य चारों ओर बिखरे थे। यह हमला वैसा ही जैसा हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर किया था। आज समूचा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथखड़ा है। हर देशवासी चाहता है कि पाकिस्तान कोऐसा सबक सिखाया जाए जैसा इजराइल ने हमास को सिखाया है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में तीव्र गर्जना करते हुए पाकिस्तान को सबक सिखाने का संकल्प व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के आगे घुटने न टेकने की बात कहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अब घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता, देश की एकता एवं घाटी की शांति को चुना है।

# अक्षय तृतीया पर श्रीगौड सभा कनीना द्वारा हवन का आयोजन किया

### भगवान परशुराम को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** अक्षय तृतीया तिथि के मौके पर मंगलवार को भगवान परशुराम के अवसर पर श्रीगौड ब्राह्मण सभा कनीना द्वारा हवन का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब कनीना में आयोजित इस हवन समारोह में सभा के पदाधिकारियों व सद्स्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान परशराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रधान डॉ रविंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम ने अपने समय में धर्म की रक्षा करते हुए अपराधियों तथा दुराचारियों पर विजय प्राप्त की थी। देखा जाए तो बैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। लेकिन उनके जन्म पर अलग-अलग स्थानों के माध्यम से पखवाडेभर तक समारोह चलते हैं। बिना किसी विघ्टन के अक्षय रहने वाली अक्षय तृततीय तिथि का पर्व अबूझ मुहूर्त कहलाता है, इस दिन बिना किसी शोध के मांगलिक व धार्मिक कार्य सम्पन्न किए जा सकते हैं। हिंदू पंचांग में इस तिथि का महवपूर्ण स्थान है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है। उन्होंने कठौर तप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। वे शस्त्र विद्या में निपुण थे। भगवान परशुराम ने हमेशा जन कल्याण के हित में धर्म व शास्त्र संवत कार्य किया। इस मौके इंद्रलाल शर्मा, मा कंवर सैन वशिष्ठ, सुरेश कुमार वशिष्ठ, बुद्धि प्रकाश शर्मा, नवीन कुमार, मोहित शर्मा, मुकेश शर्मा, मनोज शर्मा, हेमंत शर्मा, प्रेम कुमार, बसंत शर्मा, दीपक शर्मा, राधेश्याम शर्मा उपस्थित थे।

# प्रशासन गांव पहुंचा: ढाणी किशनलाल में रात्रि प्रवास कर सुनी ग्रामीणों की फरियाद



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव ढाणी किशनलाल में रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना। रात्रि प्रवास का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच संवाद को बढ़ाना था। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जमीनी स्तर की जरूरतों को समझने में मदद मिलती है और समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। ग्रामीणों ने पानी, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार, बीडीपीओ अमित कुमार, एसडीओ कृषि सुभाष चंद्र सहित कई अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं, मौके पर ही किया समाधान



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के कोर्ट रूम में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी।

इस दौरान विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे व नागरिकों की समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुना गया। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का आयोजन प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल है जिससे एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी मौजूद रहते हैं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में विभागों की सामूहिक भागीदारी से समाधान प्रभावी व त्वरित होते हैं। एसडीएम ने बताया कि शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का पंजीकरण करके संबंधित विभाग को समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। इस मौके पर अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कनीना में नए थाना अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

# अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर कसी जाएगी नकेल: सज्जन वशिष्ठ

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक जितेंद्र सिंह का स्थानांतरण होने के बाद यहां पर नए थाना इंचार्ज सज्जन वशिष्ठ ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जितेंद्र सिंह की ओर से भले ही कनीना में कम समय सेवाएं दी लेकिन कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस दौरान उन्होंने संगीन मामलों का पटाक्षेप करने की दिशा में काम किया। थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुन निष्पक्षता से निपटान किया। उनके स्थान पर बदली होकर आए थाना अध्यक्ष सज्न्न वशिष्ठ ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों व कार्यालय कर्मियों से बैठक कर कहा कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में क्षेत्र में कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती से कार्य किया जाएगा। असामाजिक तथा अपराधिक तत्वों सहित नशाखोरी व अनैतिक कार्य करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# नूंह में जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन के नेतृत्व में मनाया गया इनेलो का 28वां स्थापना दिवस



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** मंगलवार को ईंडियन नेशनल लोकदल के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला नूंह में नई अनाज मंडी स्थित इनेलो कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा एवं जननायक स्व: चौधरी देवीलाल जी के सपनों का हरियाणा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों महपुरूषों स्व: ताऊ चौधरी देवीलाल व पूर्व मुख्यमंत्री स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को पुष्प अर्पित कर खि़राज-ए-अकीदत पेश की।

जिलाध्यक्ष ताहिर हुसैन ने ईंडियन नेशनल लोकदल के 28 वें स्थापना-दिवस की पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि ईंडियन नेशनल लोकदल बहुत ही मेहनती, लगनशील कार्यकर्ताओं का दल है। स्व: चौधरी देवीलाल व विकास पुरूष पूर्व मुख्यमंत्री स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला द्वारा सींचा गया एक पौधा है जिस पर करोड़ों कर्मठ कार्यकर्ता अपना विश्वास जताते आ रहे हैं। पार्टी को सींचने में कर्मठ कार्यकर्ताओं ने दिन-रात कार्य किया है। आज इस पार्टी की कमान इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के हाथों में, जिसे वे बखूबी निभा रहे हैं। ताहिर हुसैन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में स्व: चौधरी देवीलाल व स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के अधूरे सपनों को साकार करने का काम करेंगे। इस अवसर पर इनेलो नेता हाजी सोहराब खान खेड़ी, इब्राहीम पहलवान, किशन नंबरदार ईंडरी, राजवीर किरंज, जिले सिंह कालियाका, जानू चंदेनी, नसीम चंदेनी, जाकिर हुसैन भडंगाका, राजकुमार ईंडरी आदि काफी इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती राव 1 मई को कनीना में करेंगी करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मंत्री आरती सिंह राव आगामी 1 मई को अटेली हलके के कनीना सब डिवीजन के गावों व नगरपालिका क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की जा रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगी। इन परियोजनाओं में सिंचाई, सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा, एवं ग्रामीण विकास के आधारभूत ढांचे से संबंधित हैं। उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना और ग्रामीण क्षेत्र में शहरों जैसी सुविधए उपलब्ध करवाना है। इस दिन स्वास्थ्य मंत्री आरती राव कोरियावास व खैराना गांवों में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित किए जा चुके स्वास्थ्य जांच एवं सहायता शिविरों में पंजीकृत जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित करेंगी। जिनमें कृत्रिम अंग, दवाएं तथा अन्य वस्तुएं शामिल हैं। ईधर मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस समारोह में स्थानीय नेता,जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी तथा आमजन मौजूद रहेंगे। स्वास्थ्य मंत्री का यह दौरा कनीना क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और नागरिकों को सीधे रूप से इसका लाभ मिलेगा। हांलाकि अटेली ब्लाक में उनका कार्यालय संचालित है जहां सामान्यतया उनका आनाजाना होता है, जनता की शिकायतें सुन उनका निराकरण किया जाता है। लेकिन कनीना क्षेत्र की जनता के लिए ये गिनाचुना दौरा है। जिसे कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नपा के वार्ड 9 में चलाया सफाई अभियान



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने वार्ड मेंबर की अगुआई में वार्ड 9 में सर्फा अभियान चलाया। इस बारे में वार्ड मेंबर नितेश गुप्ता ने बताया कि नगरपालिका की नव निर्वाचित बॉडी जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। जिसकी चंहुओर चर्चा है। नपा की नव नियुक्त चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढा ने कहा कि सभी नागरिक सफाई में सहयोग करें ओर सडक पर अतिक्रमण न करें। शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए दुकानदार डस्टबिन में कूडे को एकत्रित करें ओर नपा के कडा निपटान वाहन में डालें। उन्होंने कहा कि सडक मार्गों पर दुकानदारों द्वारा बोर्ड, तकत व अन्य सामान रखने तथा रेहडी-फडी वालों की ओर से अतिक्रमण किए जाने से रास्ते संकरे हो रहे हैं जहां से वाहन आसानी से नहीं गुजर पाते हैं। बाजारों में अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतें मिलने पर अभियान चलाया जाता है। इस मौके पर सफाई इंचार्ज सुरेंद्र वशिष्ठ, जमादार राकेश कुमार सहित सफाईकर्मी शामिल थे।

# ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

# जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# सीएम योगी ने रवि किशन की ली चुटकी

**कहा- शूटिंग में व्यस्त होने के चलते कार्यक्रम में नहीं आए, विकास का फायदा मिला है**







गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में सांसद और एक्टर रवि किशन की चुटकी ली। कहा कि रवि को आज चरगांवा में गार्बेज स्टेशन के उद्घाटन में आना था लेकिन वे नहीं आये। वे फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। गोरखपुर में अब इतनी ज्यादा फिल्में बन रही हैं कि जो भी यहां फिल्म करने लग जाएगा। उसके पास काम का अंबार लग जाएगा। विकास होने का फायदा मिला है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। विकास इतना तेजी से हो रहा है कि लोगों के पास काम के खूब ऑफर आ रहे हैं। लोगों के पास इतना काम है कि अब कोई खाली नहीं बैठा है। सीएम योगी ने कहा- समाजवादी पार्टी और कांग्रेस देश के लोगों को हमेशा धोखा देती है। ये केवल अपने परिवार का भला कर सकते हैं। जनता से इनका कोई लेना देना नहीं है। ये केवल परिवार को ही देश मानते थे। जब सत्ता में थे तब कुछ नहीं कर पाए। विकास के लिए विजन चाहिए। इनके पास कोई विजन नहीं है। सपा सरकार में केवल 2 घंटे ही बिजली आती थी। लोग बिजली की समस्या से जूझते थे। हमने पद संभालते ही प्रदेश के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई। अब कोई नहीं कह सकता कि उसके यहां पर्याप्त बिजली नहीं मिलती। सीएम योगी ने कहा- स्वच्छता क्या होती है। अगर इसका अंदाजा लगाना है तो हमें 2017 के पहले वाले उत्तर प्रदेश को देखना होगा। पहले गोरखपुर की पहचान गंदगी, मच्छरों और इंसेफ्लाइटिस के लिए होती थी। जब गंदगी होगी माफिया भी पनपेंगे। लेकिन जब से भाजपा की सरकार आई है। मच्छरों और उनसे होने वाली बीमारियों पर काबू पाया गया है। साथ ही माफियाओं पर भी नकेल कसी गई है। अब कोई माफिया नहीं है।

गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन से जुड़े अधिकारियों ने बताया- ये स्टेशन एयर क्लीन प्रोग्राम के तहत बनाया गया है। इसे तैयार करने में कुल 9.89 करोड़ का खर्च आया है। इस स्टेशन की क्षमता प्रतिदिन 200 टन कचरा निस्तारित करने की है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के अनुसार, नगर निगम की डोर-टू-डोर सेवा के तहत रोज 40 वार्डों का कचरा जमा किया जाएगा। फिर इसे गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा। जहां सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग किया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के मुताबिक- कचरे को अलग करने के बाद इसे अत्याधुनिक कम्प्रेसर से दबाकर कैप्सूल के रूप में बदला जाएगा। उसके बाद इन कम्प्रेस्ड कैप्सूल को फिर एनटीपीसी के सुथनी स्थित प्लांट में भेज दिया जाएगा, वहां से कचरे को चारकोल में बदला जाएगा। इसका उपयोग ऊर्जा उत्पादन में होगा। इस परियोजना के संचालन से न केवल खुले में कचरा डालने की समस्या का समाधान होगा। बल्कि कचरे की रिसाइक्लिंग भी होगी। जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगी।। गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के द्वारा कचरे के परिवहन में वायु प्रदूषण भी नहीं होगा, क्योंकि कैप्सूल सिस्टम के तहत कचरे को पूरी तरह से बंद करके भेजा जाएगा।इससे गोरखपुर को मॉडल सिटी बनाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिनों के दौरे पर दोपहर में गोरखपुर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उसके बाद शहर में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री आज रात मठ में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन यानी बुधवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने जा सकते हैं। स्वच्छता के बारे में पता लगाना है तो 2017 से पहले। जब गोरखपुर की पहचान मच्छरों से थी, गंदगी हर जगह थी। माफियाओं का राज था। आज इंसेफलाइटिस से मुक्ति मिल गई है।

आज हर घर तक पानी जा रहा है, हर घर से कूड़ा एकत्रित हो रहा है। सुथनी में 500 टन प्रतिदिन वेस्ट टू चारकोल प्लांट बन रहा है। पार्षद और अन्य लोग इस गार्बेज स्टेशन को देखें कि कैसे कूड़े को उपयोगी बनाया जा रहा है। जलभराव से मुक्ति के लिए गौड़धोइया नाला बन रहा है। जिनका मकान इसकी जद में आया मैं उनको आभार व्यक्त करता हूं। इसके बन जाने के बाद जलभराव कहीं नहीं होगा। ये नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर है। यहां फिल्में बनती हैं। रामगढ़ताल टूरिस्ट स्पॉट बन गया है।

सपा के समय एक हफ्ता बिजली आती थी एक हफ्ता नहीं। बल्ब कभी जला कभी बंद हो गया। सुथनी चारकोल प्लांट से गोरखपुर की नगर पंचायतों और आसपास के जिलों का कचरा भी निस्तारित होगा। मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया।

## श्रद्धालुओं ने की मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाने की मांग



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के गांव बकनहा में शिव मंदिरकी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। बैठक कर श्रद्धालुओं ने उच्च अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। मंदिर समिति के अध्यक्ष/अवकाश प्राप्त सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा उच्च अधिकारियों को दिए गए पत्र में कहा गया है कि गांव से सटे दक्षिण दिशा में शिव मंदिर है । इसमें गांव के ही नहीं आसपास के गांव के लोगों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। इधर कुछ लोगों द्वारा नाद व गोबर झोपड़ी और गोमती रखकर अतिक्रमण कर जगह को संकीर्ण कर लिया गया है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने अतिक्रमण कारियों को हिदायत दी है कि अगर अभिलंब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो हमलोग सड़क पर उतर कर आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

आम सहमति से एक मंदिर समिति की सदस्यों की बैठक हुई जिसमें मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों से वार्ता कर अभिलंब अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया जिसपर सहमति बनी कि कुछ दिन में हटा लिया जायेगा ग्राम प्रधान अजित कुशवाहा ने कहा कि मंदिर समिति की बैठक हुई है जिसमें अतिक्रमण करने वाले लोग अतिक्रमण हटाने के लिए तैयार हो गये है।

## निर्वाण सेवा संस्थान द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया पौधारोपण

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत छत्रपति शिवाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में निर्वाण सेवा संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए फलदार पौधे लगाए गए।




मंगवार को प्रकृति, धरती के संरक्षण और मनोरम वातावरण के लिए आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। विद्यालय के प्रबंधक ध्रुव सिंह पटेल ने आह्वान किया कि इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह, भुनेश्वर चतुर्वेदी, विजय कुमार शर्मा ने अपने विचार रखते हुए शिक्षकों और बच्चों को एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। आभार कार्यक्रम संयोजक हृदया नन्द शर्मा ने व्यक्त किए। इस दौरान शिक्षक बृजभूषण सिंह, द्वारिका सिंह, अजय धर चतुर्वेदी, रवि कुमार सिंह, गौरव वर्मा, पूनम वर्मा, बसंती देवी, नंदनी सिंह, निशा सिंह, नीतू सिंह सहित छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष पडरौना और कमांडिंग आफिसर ने कैडेट्स को दिए एनसीसीसी प्रमाण पत्र



संवाददाता

**कुशीनगर।** 50 उत्तर प्रदेश बाहिनी एनसीसी पडरौना के परिसर में मंगलवार को एनसीसी सी प्रमाण पत्र धारकों का विदाई एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान एनसीसी सी प्रमाण पत्र में उत्तीर्ण कैडेट को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कैडेट खुशी वर्मा को बटालियन का मोमेंट देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल व बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल हरिश्चंद्र ने एनसीसी प्रमाण पत्र का वितरण किया। नपा अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि एनसीसी का दूसरा नाम अनुशासन व सेवा है। एनसीसी कैडेट हमेशा ही हर प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं। देश सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते है। इस दौरान प्रशासनिक ऑफिसर लेफ्टिनेंट बाना माला कृष्णा, कैप्टन एनसीसी डॉक्टर उमाशंकर त्रिपाठी, लेफ्टिनेंट डॉ नरेंद्र त्रिपाठी, रिसलदार मेजर हरपाल सिंह व बटालियन का स्टाफ उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड 11 विवेकानंद नगर केश्वर इंटरमीडिएट कॉलेज बनवारी टोला के बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया। मंगलवार को आयोजित सम्मान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुरंदर प्रताप यादव ने कहा कि बच्चों ने ईमानदारी से मेहनत कर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गुरुजनों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। आप भविष्य के नागरिक हैं।

लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें तो निश्चित ही मंजिल मिलेगी। प्रधानाचार्य श्री यादव ने इंटरमीडिएट की मेधावी काजल यादव, रोशनी सिंह, अनुभव प्रताप यादव, ब्यूटी गुप्ता, मुस्कान प्रियदर्शी, पिंकी पटेल, पुष्पा, खुशी, कविता और हाईस्कूल में अंजली चौहान, ज्योति सिंह, निभा मद्धेशिया, शेखर कुशवाहा, संदीप गुप्ता, निलेश चौहान, अंकिता, ब्यूटी, संजना, एस एन यादव, सिद्धांति, सृष्टि, लक्ष्मीना चौहान सहित सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी देवेंद्र प्रताप यादव, शेषनाथ यादव, अमरजीत यादव, जयसिंह प्रसाद, कमलेश कुमार भारती, कहैया वर्मा, जगतराज चौहान, सतवीर कुशवाहा, रागिनी चौहान, मोनिका, नीलू सिंह, शशिमा पटेल, अंबालिका यादव, मुन्नी देवी सहित बच्चे मौजूद रहे।

## टीबी को हराने के लिये पौष्टिक एवं संतुलित आहार जरूरी: सीएमओ

संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम में जिला क्षयरोग केंद्र पर आईएमए, प्रवासी मदद फाउंडेशन एवं ऐशप्रा ज्वेलर्स के सहयोग से 32 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया।



मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर ने कहा कि टीबी को हराने के लिये पौष्टिक एवं संतुलित आहार की जरूरत पड़ती है जिसे मरीज दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। डॉ भास्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी का सपना 2025 टीबी मुक्त भारत का आप सभी के सहयोग से ही साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी रोगी अपने साथ रह रहे सभी व्यक्तियों की जाँच अवश्य कराये तथा ताकि उनके बचाव हेतु दवा दिया जा सके। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रतिमाह प्रोटीनयुक्त आहार देने वाले निक्षय मित्रों के सहयोग से ही टीबी रोगी के स्वस्थ होने की सफलता दर में भी लगातार बृद्धि हो रहीं है। आईएमए के पूर्व सचिव डॉ अजय शुक्ला,प्रवासी मदद फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश कुमार पिंटू एवं सन्दीप मिश्र, ऐशप्रा ज्वेलर्स के उमंग खेतान ने भी सम्बोधित किया। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र एवं आभार पीपीएम नितेश राय ने व्यक्त किया। इस दौरान एसटीएस विवेक यादव, लेखाकार कमलशंकर पांडेय, अरमान अहमद, राकेश सिंह,सुमन्त शुक्ला, अविनाश गुप्ता, अनिल सिंह, सूर्य प्रकाश शर्मा, राजा, प्रभु, विद्या,वीरेंद्र उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की सिसोलर पुलिस ने फरार चल रहे दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सिसोलर पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत धारा 323(3)76 /351(3) BNSS व 7/8 पाक्सो एक्ट सहित 67 B IT ACT के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अरविन्द पुत्र गोरेलाल, आशीष पुत्र साधू को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जबकि दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एस आई गौरव शुक्ला, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह सहित हेड कांस्टेबल साविर हुसैन शामिल रहे।

### रोटरी ने वितरित किए नव प्रवेशित बच्चों निःशुल्क स्कूल बैग



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित जूनियर हाईस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा नव प्रवेशित छात्र - छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने रोटरी क्लब के सामाजिक कार्यों की बच्चों सराहना करते हुए शानदार पहल बताया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि इस तरह की पहल न केवल बच्चों के शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करती है बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक करती है। रोटरी द्वारा लगभग 10 से अधिक विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण का कार्य किया जाएगा। रोटरी के सचिव अजय सिंह ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुविधाओं के लिए स्कूल बैग की व्यवस्था की गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवन्त कुमार सिंह रोटरी क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष साहिल अहमद, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, निदेशक अमित श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अरुण वर्मा, सार्जेंट एट आर्म्स विजय कृष्ण द्विवेदी, अरुण मौर्य, आनंद जायसवाल, इम्तियाज आलम, गोविंद सिंह, सरवरे आलम छोटे, रंजीत श्रीवास्तव, हेमन्त गर्ग, अमरेन्द्र नारायण सिंह, शिवजी जायसवाल, दुर्गेश यादव, रश्मि सिंह तोमर, निशु विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### कप्तानगंज में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़: कुशीनगर में सूजा पठान समेत 3 बदमाश गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज में तीन थानों की पुलिस फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुख्यात बदमाश सूजा पठान उर्फ छोटू और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। हसनगंज से कोटवा सड़क पर चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सूजा पठान के पैर में गोली लगी। इस दौरान उसके दो साथी अतुल चौधरी और सचिन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सूजा पठान पर कप्तानगंज थाने में छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। अतुल चौधरी और सचिन का भी आपराधिक रिकॉर्ड है। ये तीनों एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। ये लोग आम जनता को धमकाकर रंगदारी वसूलते थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल, तीन अवैध तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन पर बलवा, मारपीट और धमकी जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं।

### शादी के 5 महीने बाद प्रेमी संग फरार:कानपुर में 9 लाख कैश-जेवर ले गई, पति बोला-छुप-छुपकर बात करती थी



**कानपुर ।** शादी के 5 महीने बाद पत्नी 9 लाख की नगदी और जेवर लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। ससुराल आने के बाद वह छुप-छुपकर प्रेमी से बात करती थी। पकड़े जाने पर दोनों परिवारों में पंचायत भी हुई। महिला ने सबके सामने अपनी गलती मानी। कहा था कि अब हर बात मानूंगी। कुछ दिन बाद फिर उसकी प्रेमी से बातचीत शुरू हो गई और 11 अप्रैल को भाग गई। परिजनों ने 18 दिन तक उसकी तलाश की। 29 अप्रैल को सास ने गुजैनी थाने में बहू के खिलाफ एफआईआर कराई है। पुलिस महिला और उसके प्रेमी की तलाश कर रही है। जरौली फेस-2 निवासी उमा देवी तिवारी ने बेटे राम तिवारी की शादी 22 नवंबर 2024 को औरैया के अटसू अजितमल निवासी प्रतीक्षा तिवारी से हुई थी।

राम तिवारी की पुणे में चाय की दुकान है। शादी के 4 दिन बाद राम ने पत्नी को जसवंत नगर निवासी मनीष रजावत से फोन पर बात करते हुए पकड़ा। दरअसल, पत्नी ने चोरी छुपे अपने पास की-पैड फोन रखा था। जिससे वह प्रेमी से बात करती थी। राम ने इसकी सूचना पत्नी के घरवालों को दी। प्रतीक्षा अपने मायके चली गई। इसके कुछ दिन बाद राम के पास प्रतीक्षा के पिता बेचनलाल का फोन आया। उन्होंने बेटी को ससुराल ले जाने को कहा। प्रतीक्षा को लेकर उनके पिता राम के घर पहुंचे। दोनों परिवारों में बातचीत हुई। प्रतीक्षा ने सबके सामने अपनी गलती मानी और भविष्य से ऐसा न करने का वादा किया। पिता ने भी अपनी बेटी की गलती मानी और कहा कि ससुराल में भविष्य में कुछ भी होता है तो उसकी जिम्मेदार प्रतीक्षा ही होगी।



## मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' में मुख्य भूमिका निभाएंगे अहान पांडे



यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी एक रोमांटिक फिल्म लेकर दर्शकों के बीच हाजिर होने वाले हैं। इस फिल्म का नाम 'सैयारा' होगा। मंगलवार को निर्माताओं ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए आधिकारिक घोषणा की। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'उनकी प्रेम कहानी अद्वितीय है।' साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया।

### अहान पांडे और अनीत पड्डा निभाएंगे मुख्य भूमिका

इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अहान पांडे मोहित सूरी की इस रोमांटिक ड्रामा से डेब्यू करने जा रहे हैं। अहान चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे हैं। इससे पहले वह कई शॉर्ट फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। वहीं अनीत पड्डा वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में नजर आ चुकी हैं। वह 2022 की फिल्म 'सलाम वेंकी' में भी नजर आ चुकी हैं। अब यशराज के बैनर तले बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू करने जा रही हैं।

### कब रिलीज होगी फिल्म

मोहित सूरी की इस रोमांटिक ड्रामा की काफी लंबे समय से चर्चा चल रही थी। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी बहुत कम अपडेट सामने आई थी। अब निर्माताओं ने मुख्य अभिनेताओं के साथ इसके रिलीज की घोषणा भी कर दी है। फैंस को इसके लिए ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। फिल्म 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मोहित सूरी ने जहर, कलयुग, आवारापन जैसी सस्पेंस थ्रिलर फिल्में दी हैं। वह आशिकी 2, हमारी अधूरी कहानी और हाफ गर्लफ्रेंड जैसी रोमांटिक फिल्मों के लिए भी जाने जाते हैं। आखिरी बार उन्होंने 'एक विलेन रिटर्न्स' का निर्देशन किया था। अब वह एक और रोमांटिक लव स्टोरी 'सैयारा' लेकर आ रहे हैं।



## पूजा हेगड़े की आगामी जबरदस्त फिल्में, कई साउथ हीरो के साथ जमेगी जोड़ी

पूजा की शानदार एक्टिंग और लुक फैंस को हमेशा से ही आकर्षित करते आए हैं। उनकी आने वाली फिल्मों में पूजा का दमदार अभिनय दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाला है। फैंस इन फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पूजा की जोड़ी इन सुपरस्टार्स के साथ धूम मचाने वाली है।

### रेट्रो



फिल्म रेट्रो में पूजा सूर्या के साथ दिखेंगी। फिल्म का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज ने किया है और इसे 1 मई 2025 को रिलीज किया जाएगा। शूटिंग अंडमान, ऊटी, केरल और चेन्नई में हुई है। संगीत संतोष नारायणन ने दिया है। इस फिल्म का संभावित नाम पहले सूर्या 44 रखा गया था। रेट्रो को दुनिया भर के सिनेमाघरों में 1 मई 2025 को रिलीज की जाएगी।

### बिल्ला रंगा बाशा



पूजा कन्नड़ स्टार किच्चा सुदीप के साथ फिल्म बिल्ला रंगा बाशा में काम कर रही हैं। इसका निर्देशन अनूप भंडारी ने किया है। बीआरबी से पहले सुदीप ने एक्शन थ्रिलर मैक्स में अभिनय किया था, जो 25 दिसंबर, 2024 को रिलीज हुई थी।

### जना नायगन



फिल्म जना नायगन में पूजा एक्टर दलपति विजय के साथ नजर आएंगी। यह एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसका निर्देशन विनोथ ने किया है। विनोथ द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित तमिल भाषा की राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। पूजा और दलपति विजय के अलावा फिल्म में बॉबी देओल, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियमणि, ममिता बैजू जैसे कई अहम कलाकार नजर आएंगे। पहले इस फिल्म का अस्थायी नाम दलपति 69 रखा गया था।

### कुली

पूजा साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म कुली में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है और इसे 14 अगस्त 2025 को रिलीज किया जा सकता है। शूटिंग चेन्नई, हैदराबाद, जयपुर और बैंकॉक में हुई है। संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। कुली, एक भारतीय तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में रजनीकांत और पूजा हेगड़े के अलावा नागार्जुन, उपेंद्र, सौबिन शाहिर, सत्यराज, श्रुति हासन, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। पहले इस फिल्म का अस्थाई नाम थलाइवर 171 रखा गया था। कुली को दुनिया भर में 14 अगस्त 2025 को रिलीज किया जा सकता है।



## ग्राउंड जीरो में किरदार निभाने के लिए इन मुश्किलों से जूझे इमरान

इमरान काफी फिल्म ग्राउंड जीरो रिलीज हो चुकी है। फिल्म में इमरान के किरदार को काफी पसंद किया जा रहा है। इमरान ने खुलासा किया कि इस फिल्म में बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे का किरदार निभाने के लिए उन्हें कई चुनौतियों से गुजरना पड़ा। खास तौर पर उन्हें अपने खान-पान में बड़ा बदलाव करना पड़ा और कश्मीर की कठिन परिस्थितियों को अपने जेहन में उतारना पड़ा।

### जवान के किरदार के लिए खानपान में बदलाव

इस रोल की मांग थी कि वह एक फौजी की तरह फिट और मजबूत दिखें। बातचीत में इमरान ने बताया, इस किरदार के लिए मुझे सबसे ज्यादा दिक्कत एक ही चीज से हुई कि मुझे ज्यादा खाना पड़ा। एक जवान का रोल करने के लिए मुझे अपनी डाइट बढ़ानी पड़ी, क्योंकि शरीर को उस तरह का बल और ऊर्जा चाहिए थी, जो एक फौजी में दिखती है।

### इमरान ने शूटिंग के लिए बदली डाइट

इमरान ने आगे बताया कि यह उनके लिए आसान नहीं था। मैं आमतौर पर अपनी डाइट को नियंत्रित रखता हूं, लेकिन इस किरदार के लिए मुझे महीनों तक हाई-कैलोरी डाइट लेनी पड़ी। इसमें प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा बढ़ानी पड़ी, ताकि शरीर में वह ताकत और स्टैमिना आए, जो एक बीएसएफ अधिकारी के किरदार को विश्वसनीय बनाए। इसके साथ ही उन्होंने कठिन फिजिकल ट्रेनिंग भी की, जिसमें वेट लिफ्टिंग, कार्डियो और मिलिट्री-स्टाइल वर्कआउट शामिल थे। यह सब इसलिए जरूरी था, क्योंकि फिल्म में इमरान को एक्शन सीक्वेंस और कश्मीर की मुश्किल परिस्थितियों में शूटिंग करनी थी।

## क्या आलिया भट्ट बनने की राह पर बढ़ रही हैं अनन्या पांडे?



हाल ही में अनन्या पांडे, अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' में नजर आईं। इस फिल्म में एक्ट्रेस के किरदार को भी सराहा गया। फिल्म की कहानी में वह जलियांवाला बाग हत्याकांड का केस लड़ने वाले सी शंकरन नायर के साथ ही एक वकील की भूमिका में दिखीं। यह फिल्म अनन्या की इमेज बदलने का काम भी कर रही है। साथ ही ऐसा लग रहा है कि अनन्या, आलिया भट्ट के रास्ते पर आगे बढ़ रही हैं, अपने करियर को आलिया की तरह ही बनाना चाहती हैं। जानिए, ऐसा किन कारणों से कहा जा सकता है?

### फिल्मों के चयन में बदलाव दिखने लगा

साल 2019 में अनन्या पांडे ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से करियर शुरू किया। एक्टिंग के मामले में वह इसमें काफी कमजोर नजर आईं। फिर वह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो (2019)' में दिखीं, इसमें भी अनन्या का किरदार कुछ हटकर नहीं था। लेकिन साल 2022 में 'गहराइयां' जैसी फिल्म में वह दीपिका पादुकोण के सामने खड़ी नजर आईं। इस फिल्म में अनन्या ने खुद की एक्टिंग को भी थोड़ा बेहतर किया। इसी साल 'लाइगर' भी की। साल 2023 में अनन्या ने फिल्मों के चुनाव में बदलाव शुरू किया, 'ड्रीम गर्ल' जैसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म की तो 'खो गए हम कहां' जैसी अलग सब्जेक्ट वाली फिल्म में दिखीं। इस तरह साल 2024 में भी 'कंट्रोल' नाम की फिल्म की, 'कॉल मी बे' जैसी वेब सीरीज की। 'कंट्रोल' जैसी फिल्म में सोशल मीडिया के बुरे असर को दिखाया गया, फिल्म में अनन्या की एक्टिंग भी निखरी हुई से लगती हैं। अब वह ' केसरी 2' में नजर आ रही हैं, जिसमें आजादी से पहले की एक वकील का किरदार कर रही हैं।

अनन्या के करियर ग्राफ को ध्यान से देखें तो पता चलता है कि वह हल्के किरदारों से करियर शुरू करती हुई गंभीर, संजीदा किरदारों को निभाती हुई दिख रही हैं। ऐसा ही आलिया भट्ट ने भी अपने करियर में किया है। आलिया ने भी 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से करियर शुरू किया और 'हाइवे', 'गंगूबाई काठियावाड़ी', 'राजी' और 'जिगरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। इन्हीं फिल्मों के बीच वह रोमांटिक कॉमेडी फिल्में भी करती रहती हैं, 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इस बात का उदाहरण है। देखा जाए तो एक एक्ट्रेस के रूप में आलिया धीरे-धीरे निखरती गईं। अनन्या भी ऐसा ही करती दिख रही हैं, वह भी अपने फिल्मों के चयन में संतुलन बना रही हैं। 'केसरी 2' करने के बाद वह 'चांद मेरा दिल' जैसी रोमांटिक फिल्म करेंगी।

### आलिया से तुलना पर खुश अनन्या

सोशल मीडिया पर भी अनन्या पांडे के लिए कहा जाता है कि वह अगली आलिया भट्ट हैं। इस तारीफ से अनन्या भी काफी खुश होती हैं। वह इस बात को एक कॉम्पिलमेंट की तरह देखती हैं। कई इंटरव्यू में भी अनन्या ने कहा है कि वह आलिया भट्ट की तरह की अलग-अलग जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं। अनन्या और आलिया में एक बात और कॉमन है, दोनों को ही करण जौहर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' की फिल्मों से बॉलीवुड में लॉन्च किया था।

## जेलर 2 में हुई फहाद फासिल की एंट्री



सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार के साथ फिल्म जेलर के सीक्वल जेलर 2 के लिए काम कर रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा ने ही फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। अब इस फिल्म में एक और साउथ अभिनेता का नाम जुड़ गया है। खबर के अनुसार, फिल्म जेलर 2 की शूटिंग अभी केरल में चल रही है, जिसमें रजनीकांत जी तोड़ से मेहनत कर रहे हैं। खबर है कि मलयालम स्टार फहाद फासिल भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी अभी बाकी है। प्रशंसक उन्हें रजनीकांत के साथ देखने के लिए उत्साहित हैं। वैसे रजनीकांत के प्रशंसकों का मानना है कि यह तमिल सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म हो सकती है जो 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई करे। फिल्म में रजनीकांत के अलावा राम्या कृष्णन, मिरना, शिवा राजकुमार जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में फहाद फासिल का नाम जुड़ने से फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। यह फिल्म बड़े स्तर पर बनाई जा रही है। वादा करती है।



## इंडस्ट्री में आउटसाइडर्स को भी मौके मिलने चाहिए, अभी बड़े मौके सिर्फ इनसाइडर्स को मिलते हैं

संदीपा धर, जिन्होंने इसी लाइफ में से बॉलीवुड में डेब्यू किया, दबंग 2 और हीरोपंती में छोटी भूमिकाओं के बाद इम्तियाज अली की सीरीज डॉक्टर अरोड़ा से चर्चा में आईं। अपने करियर के उतार-चढ़ावों, इंडस्ट्री में नेपोटिज्म, रिश्तों में भरोसे के महत्व और जेन जी के बदलते प्यार के तरीकों पर उन्होंने खुलकर बात की।

**इंडस्ट्री में अपने डेढ़ दशक के सफर को कैसे देखती हैं। अब तक का सबसे मुश्किल दौर कौन सा रहा?**

मुश्किल दौर तो खत्म ही नही होता है। जिंदगी ऐसी है, जहां हर रोज आपके सामने कोई ना कोई चैलेंज होता है। मुझे लगता है कि शाहरुख खान का भी हर रोज सॉर्टेड नहीं होता है। आप अलग-अलग लेवल पर अलग चैलेंज का सामना करते हैं। इस सफर में मेरा नब्बे फीसदी वक्त सेल्फ डाउट में निकला कि मैं ये कर पाऊंगी या नहीं? मैंने सही फैसला लिया या नहीं लिया? लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप सच में किसी चीज के लिए पैशनेट हैं और कड़ी मेहनत से नहीं डरते तो किसी ना किसी तरह से यूनिवर्स आपकी मदद करती है। थोड़ा वक्त लगेगा, पर वो होगा। बस थोड़ा धैर्य रखो और खुद को समझो। सोशल मीडिया के झोंके में मत बहो। अपनी जिंदगी की दूसरों से तुलना मत करो, क्योंकि सबकी अपनी जर्नी है। सबकी परिस्थितियां अलग हैं। कंपैरिजन हमारी सबसे बड़ी दुश्मन है। हमारी इंडस्ट्री में ऐसा बहुत होता है कि ये लगता है कि उसको रोल मिल गया, मुझे क्यों नही मिला। नही यार, वो उसकी किस्मत में था, जब आपकी बारी आएगी तो आपको मिलेगा। मैं इसी सोच के साथ आगे बढ़ी हूं।

**अक्सर लोग तुलना में फंस जाते हैं। नेपोटिज्म आदि पर दोष मढ़ते हैं!**

यह तो सच है कि कुछ लोगों को मौके ज्यादा मिलते हैं, यह सब जानते हैं। उनकी जहां से शुरुआत होती है, हम वहां तक पहुंचना चाहते है। ये फैक्ट है, मगर आप क्या करोगे। ये जिंदगी की हकीकत है तो आप उसे कबूल करके आगे बढ़ेंगे या शिकायत करते रहेंगे। मेरा मानना है कि इंडस्ट्री को इस पर काम करना चाहिए। आउटसाइडर्स को भी मौके मिलने चाहिए क्योंकि अभी बड़े मौके सिर्फ इनसाइडर्स को मिल रहे हैं। आउटसाइडर्स को उसके लिए बहुत ज्यादा संघर्ष करते रहना पड़ता है। हालांकि, उसमें भी एक बड़ी खूबसूरती है। अगर आपने स्ट्रगल नहीं किया तो आप उस तरह के कलाकार बन ही नही पाओगे। जैसे, पंकज त्रिपाठी, जयदीप अहलावत, इन सबका इतना लंबा संघर्ष रहा है, तभी वे सब इतने कमाल के ऐक्टर हैं।

**आजकल प्यार के रिश्ते बड़े नाजुक हो गए हैं। जेन जी के जमाने में बेंचिंग, घोस्टिंग, सिचुएशनशिप जैसी चीजें आम हो गई हैं। आपके लिए रिश्ते में सबसे अहम चीज और सबसे बड़ा रेड फ्लैग क्या है?**

मेरे लिए रिश्ते में सबसे अहम है, भरोसा। अगर आप किसी लड़के पर भरोसा नहीं करते तो उसके साथ रिश्ता नहीं निभा सकते। जो लड़के झूठ बोलते हैं ना, छोटी-छोटी बातों पर, वे सबसे बड़े रेड फ्लैग है क्योंकि अगर वह छोटी बातों में झूठ बोल रहा है तो बड़ी बातों में तो सौ फीसदी झूठ बोलेगा। मुझे ये भी लगता है कि इन जेन जी को हमने काफी बदनाम कर दिया है, क्योंकि आखिर में वे भी प्यार चाह रहे हैं, बस तरीका बदल गया है। आज एक्सपोजर इतना ज्यादा है, चॉइसेज इतनी ज्यादा हो गई हैं कि कोई इन बच्चों को सिखा ही नहीं रहा है कि एक रिलेशनशिप की नींव कैसे बनाते हैं। सब कुछ बहुत फास्ट हो गया है। ब्रेकअप बड़े अजीब वजहों से हो रहे हैं क्योंकि किसी में धैर्य ही नही है। आपको मानकर चलना होगा कि अगर दो लोग एक रिश्ते में हैं तो आपकी सोच अलग होगी।

**अगर आप प्यार का प्रोफेसर होतीं तो खुद को इम्प्रेस करने के क्या स्टेप सिखातीं?**

आप सच्चे रहो। वो बनने की कोशिश ना करो जो आप नहीं हैं। हम मात तब खा जाते हैं, जब कुछ और बनने की कोशिश करते हैं। आप अच्छे या बुरे, जो हैं वो दिखा दो। मुझे बहुत अच्छा लगता है, जब लोग जैसे हैं, वैसे ही बिहेव करते हैं। जैसे, अगर आप इंग्लिश में बात करने में सहज नहीं हैं तो हिंदी में बात करो। पता नहीं हमारे दिमाग में ऐसा क्यों है कि हम इंग्लिश में बात करेंगे, तभी पढ़े-लिखे दिखेंगे। ऐसा कुछ नही है यार। हम हिंदुस्तान में रहते हैं, हमें अपनी भाषा में बात करनी चाहिए। भारत इकलौता देश है, जहां हम अपनी भाषा को उतनी अहमियत नही देते हैं। बाकी, आप यूरोप के किसी भी देश में जाओ, वे अपनी ही भाषा में बात करेंगे, तो मुझे इंप्रेस करने के लिए ऑथेंटिक रहना बहुत जरूरी है।

**आपके आने वाले प्रॉजेक्ट्स कौन से हैं?**

यह साल मेरे लिए बहुत अहम है। मैंने दो बड़ी स्पेशल फिल्में की हैं जो इस साल रिलीज होंगी। एक के बारे में मैं बात नहीं कर सकती, मगर दूसरी लक्ष्मण उतेकर सर की फिल्म है। इसमें सनी कौशल और निम्रत कौर हैं। उसकी शूटिंग खत्म की है और मुझे बहुत मजा आया। फिल्म में मेरा रोल बहुत कमाल का है।

समाचार गेट
HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-45, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर 61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कृष्णदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# जिला अध्यक्ष विनोद नागर के नेतृत्व में मनाया गया इनेलो का 28वां स्थापना दिवस

## स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने इनेलो का झंडा फहराया



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल के 28 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेक्टर-9 स्थित इनेलो कार्यालय पर जिला अध्यक्ष विनोद नागर के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पार्टी का झंडा फहराकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा एवं जननायक स्व. चौधरी देवीलाल के सपनों का हरियाणा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने ताऊ देवीलाल और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष विनोद नागर ने इंडियन नेशनल लोकदल के 28 वें स्थापना-दिवस पर पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल बहुत ही मेहनती व लगनशील कार्यकर्ताओं का दल है। चौधरी देवीलाल व विकास पुरूष पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला द्वारा सींचा गया एक पौधा है। जिस पर करोड़ों कर्मठ कार्यकर्ता अपना विश्वास जताते आ रहे हैं। पार्टी को सींचने में कर्मठ कार्यकर्ताओं ने दिन-रात कार्य किया है। आज पार्टी की कमान इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के हाथों में हैं, जिसे वे बखूबी निभा रहे हैं। विनोद नागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में चौधरी देवीलाल व स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के अधूरे सपनों को साकार करने का काम करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के प्रधान महासचिव प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चौहान, देवेंद्र तेवतिया, बुद्धीजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक प्रधान, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजीव, महिला जिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, युवा जिला अध्यक्ष अजय चौधरी, बल्लभगढ़ हलका अध्यक्ष सुरेश वर्मा, जिला महासचिव बच्चू सिंह तेवतिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूथ फॉर सर्व ऑर्गेनाइजेशन ने सरपंचों व पार्षदों को किया सम्मानित




समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। प्रसिद्ध सामाजिक संस्था यूथ फॉर सर्व ऑर्गेनाइजेशन ने 27अप्रैल को गांव जवां में सम्मान महोत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में लगभग 120 गांवों के सरपंचों व पार्षदगणों ने हिस्सा लिया। सामाजिक संस्था यूथ फॉर सर्व ऑर्गेनाइजेशन ने मौके पर सभी सरपंचों व पार्षदगणों को पगड़ी व रामलला जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूथ फॉर सर्व ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सोनू धारीवाल ने सभी भारी संख्या में मौके पर मौजूद क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देने के साथ साथ प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से साइक्लोथॉन 2.0 कार्यक्रम की भी सराहना की। सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सोनू धारीवाल मौके पर कहा कि युवाओं को हमेशा अपने देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। साथ ही इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिले।

इस अवसर पर विष्णु मलिक, नाहर सिंह धारीवाल,समय सिंह धारीवाल, बिक्रम मलिक, प्रकाश मैंबर, बच्चू मलिक, असवीर धारीवाल, रामरूप फौजी, ईश्वर धारीवाल, वीरेंद्र धारीवाल, राधाचरण धारीवाल, इंदरपाल धारीवाल, नरवीर मलिक, सत्ते नैन, देवेंद्र मलिक, योगेंद्र, ईश्वर मलिक, मनोज मलिक, महेश मलिक, पवन मलिक, नागेंद्र धारीवाल, लाला मलिक, दीपक धारीवाल, सुभाष मलिक, दीपक दलाल, राजेश सिवाच, ओमपाल, सुभाष धारीवाल, संजय धारीवाल, रवि, संजू धारीवाल, संदीप मलिक, प्रवीण चौधरी, मुकेश धारीवाल, अमित पांचाल, पवन बघेल आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने स्मार्ट क्रिकेट अकादमी को 81 रन से हराया




समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। एक्स अंडीफिटेड आर्मी 8हृद्ध ऑल इंडिया रविंद्र फागना -17 डेनाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2025, रविंद्र फागना क्रिक्रेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबल हरियाणा क्रिकेट अकादमी और स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने स्मार्ट क्रिकेट अकादमी को 81रन से हराया, यह मैच 40 ओवर का था और हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 275 रन का लक्ष्य दिया। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अभी ने 113 गेंदों पर 13 चौके, 3 छक्के की मदद से 108 रन और ए यादव ने 40 गेंदों पर 2 चौके, 7 छक्के की मदद से 63 रन बनाए। स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए नकुल ने 6 ओवर में 48 रन देकर 3 विकेट, आर्यांश चौधरी ने 8 ओवर में 1 मेडन 41 रन देकर 3 विकेट, नमन यादव, अंशु ठकरान ओर लक्की करहाना ने 11 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी ने 38.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 194 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। स्मार्ट क्रिकेटर अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते विभोर गौर ने 55 गेंद पर 5 चौके, 2 छक्के की मदद से 56 रन, रुद्रांश सिवाश ने 32 गेंदों पर 4 चौके, 2 छक्के की मदद 37 रन बनाएं। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए लव बुधवार, अभी ओर द्वीप ने 22 विकेट, निर्भय डागर, पीयूष, ए यादव ओवर 21 ओर आदर्श जैसवाल रन 11 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अभी व फाइटर ऑफ द मैच आर्यांश चौधरी को घोषित किया गया।

# तीन मई की महापंचायत की तैयारी में जुट किसान



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह जिला के रोजका मेव स्थित आईएमटी में करीब 14 माह से धरने पर बैठे किसानों ने एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें किसानों ने अपनी आगामी रणनीति का ऐलान करने हुए तीन मई को एक महापंचायत का ऐलान किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि बीते 7 अप्रैल को काम रोको महापंचायत की थी। इस दौरान किसानों ने काम रोकने का प्रयास किया।

इसके बाद प्रशासन की और से अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप मलिक ने किसानों से उनकी सीएम के साथ वार्ता कराने का 20 दिन का समय लिया। प्रशासन द्वारा दिए गए समय 30 अप्रैल को पूरा हो गया। लेकिन अभी तक किसानों की किसी के साथ कोई वार्ता नहीं हुई। जिससे किसानों में सरकार व प्रशासन के प्रति भारी रोष पनप रहा है। अब किसान पूरे आरपार के मूड में हैं। किसान अब आगामी तीन मई को महापंचायत की तैयारी में जुट गए है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में मेवात के मौलाना, किसान संगठनों के पदाधिकारी, प्रदेश किसान यूनियन के बड़े नेताओं सहित अन्य किसान हितैशी भी इस महापंचायत में शामिल होंगे। इस मौके पर किसान नेता हाजी सिराजुद्दीन, मोहम्मद एसपी के अलावा जाहिद हुसैन ने बताया कि अब तीन मई को किसान करो या मरो महापंचायत करेंगे। जिसमें सभी नौ गांवों के महिला, युवा, बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी शामिल होंगे। चाहे सरकार उनको जेल में डाले, मुकदमा दर्ज करें या फिर जो भी कदम उठाएं। लेकिन वह पीछे हटने वाले नहीं हैं। उनकी अपनी जान की कोई परवाह नहीं है। वह पूरी तरह से सरकार और प्रशासन से आरपार के मूड में है। वह 12 साल से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। करीब 12 बड़ी महापंचायत हुई। जोकि अभी तक बेनतीजा रही है। अगर तीन मई से पहले उनकी सीएम के साथ वार्ता नहीं हुई तो वह तीन मई को वह महापंचायत करेंगे।

उन्होंने कहा कि वह तीन मई को आईएमटी में चक्का जाम करेंगे। वह अब किसी के रोकने से नहीं रूकेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांगों 25 लाख की राशि प्रति एकड़ के अलावा किसानों से लिए गए ऐफिडेविट भी रद्द किए जाए। वह अपना हक सरकार से अपना लेकर रहेंगे। बता दें कि नूंह जिला के आईएमटी रोजकामेव के लिए 9 गांवों के किसानों की वर्ष 2010 में 1600 एकड़ जमीन अधिग्रहण की गई थी। उस दौरान किसानों की जमीन को सरकार द्वारा 25 लाख रुपए का मुआवजा देकर प्रति एकड़ अधिग्रहण किया गया था,लेकिन इसके बाद सरकार ने फरीदाबाद के चंदावली, मच्छगर गांवों की जमीन को भी अधिग्रहण किया। वहां के किसानों ने कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी जमीन को सस्ते दामों में सरकार पर लेने का आरोप लगाकर मुआवजा बढ़ाने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने किसानों को प्रति एकड़ दो करोड़ की राशि देने के आदेश दिए थे।

इस दौरान जब 9 गांवों के किसानों को पता चला कि उक्त गांवों के किसानों को दो करोड़ प्रति एकड़ मिले हैं तो उन्होंने भी लंबी लड़ाई लडकर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। जिस पर सरकार ने किसानों से बातचीत करते हुए उनकी जमीन को 46 लाख रुपए प्रति एकड़ देने की बात कहीं और उनसे एफिडेविट पर साइन करा लिए, ताकि किसान कोर्ट में ना जा सके और सभी किसानों को 21- 21 लाख देकर कहा कि आगे आपको 25-25 लाख ओर दे दिए जाएंगे, लेकिन आज तक भी किसानों को 25-25 लाख नहीं दिए गए हैं।

# जैन धर्म में अक्षय तृतीया का है अनंत महत्व : रजत जैन

**अक्षय तृतीया से प्रारंभ हुई दान देने की परंपरा**

**अक्षय तृतीया के दिन भगवान आदिनाथ ने लिया था एक वर्ष पश्चात आहार**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। वैशाख शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया का जैन धर्म में अनंत महत्त्व है। ये पर्व समृद्धि व अनंत विकास का प्रतीक है। ये दिन साल के अत्यंत भाग्यशाली दिनों में से एक है। आज के दिन वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) ने लगभग एक वर्ष एक माह 10 दिन के पश्चात आहार ग्रहण किया था। सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की भगवान आदिनाथ ने छह माह का उपवास (व्रत) रखा था। उपवास की समय अवधि पूर्ण होने के पश्चात तीर्थंकर आदिनाथ आहार लेने के लिए नगर में गए तो जनता को आहार देने की विधि का ज्ञान (जानकारी) नहीं था इस कारण से वह ज्ञान के अभाव में उन्हें हीरे जवाहरात आदि वस्तुएं देने का प्रयास किया लेकिन भगवान आदिनाथ में उन्हें ग्रहण नहीं किया इसी प्रकार सात माह एक 09 दिन का समय बिना आहार लिए ओर व्यतीत हो गया। जब भगवान हस्तिनापुर के समीप पहुंचे तो तब श्रेयांस कुमार ने रात्रि के पिछले प्रहर में सात स्वप्न देखे। सुवर्णमय सुमेरुपर्वत, कल्पवृक्ष, सिंह, बैल, सूर्य- चन्द्र, समुद्र एवं सातवें स्वप्न में अष्ट मंगल द्रव्य धारण कर सामने खड़े हुए व्यंतर देवों की मूर्तियां देखी। राजा सोमप्रभ को इन स्वप्नों को बताया तो राजा सोमप्रभ ने भी इनका फल बताते हुए कहा की आज अपने यहां कोई देव अवस्य आएंगे। रजत जैन ने बताया की भगवान आदिनाथ का एक वर्ष एक माह 10 दिन का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात वे हस्तिनापुर राज्य पहुंचे। तो वहां उनके पुत्र वहां उनके पौत्र राजा सोमप्रभ व राजा श्रेयांस ने भगवान आदिनाथ के दर्शन किए तो इस भव से पहले ऋषभ देव वज्रजंघ नाम के राजा थे राजा श्रेयांस का जीव उनकी रानी श्रीमती था। उस समय आकाश गमन करने वाले श्री मान-दमधर मुनिराज, सागरसेन मुनिराज के साथ वज्रजंघ के पड़ाव में पहुंचे तो राजा व रानी ने दोनों मुनियों का पड़गाहन कर नवधाभक्ति से आहार दान किया। उस आहार दान के प्रभाव से देवों ने पंचाश्चर्य किये।इस प्रकार आठ भव पहले जो रानी श्रीमती अपने पति के साथ आहार दान किया था उस भव का स्मरण हो गया। उन्हें अपने पूर्व भव में मुनिराज को दिए गए आहार का स्मरण हो गया। और उन्हें आहार देने की विधि का पूर्ण ज्ञान प्राप्त हो गया।जिसके फलस्वरूप दोनों भाइयों ने रानियों सहित भगवान का पड़गाहन किया- हे भगवन् , नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु।अत्र तिष्ठ तिष्ठ तिष्ठ।पुन: तीन प्रदक्षिणा देकर नमस्कार कर उच्चासन पर विराजमान किया,चरण प्रक्षालन किये,अष्ट द्रव्य से पूजा की,विधिवत.नमस्कार किया,अनंतर प्रासुक इछुरस लेकर बोले हे भगवन्। मन शुद्ध, वचन शुद्ध, काय शुद्ध आहार जल शुद्ध है, भोजन ग्रहण कीजिए।नवधाभक्ति के अनंतर भगवान ने दोनों हाथों से अंजली बनाई।भगवान आदिनाथ के पौत्र राजा श्रेयांस ने अपने भाई सोमप्रभ ने रानियों के साथ भगवान आदिनाथ को ईख (गन्ना) का रस देकर पारायण कराया। वह दिन अक्षय तृतीया का दिन था। भगवान आदिनाथ ने एक वर्ष एक माह दस दिन के पश्चात पारायण किया। भगवान आदिनाथ ने आज के दिन ही दान का महत्व बताया। तभी से दान देने की परंपरा प्रारंभ हुई

**धर्मतीर्थ व दानतीर्थ का प्रारंभ :-** भगवान ऋषभदेव धर्मतीर्थ के प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर थे तो राजा श्रेयांस दान तीर्थ के प्रवर्तक प्रथम दातार बने। हस्तिनापुर नगर से ही दान तीर्थ की प्रवृतति प्रारंभ हुई भारत क्षेत्र में दान देने की प्रथा उसे समय से ही प्रचलित हुई।

**अक्षय तृतीया पर दान देना पुण्य :-** वैसे तो प्रत्येक दिन प्रत्येक समय व्यक्ति को दान देना चाहिए लेकिन अक्षय तृतीया के दिन दान देने का महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है इस इस दिन व्यक्ति आहार दान विद्यादान कर कर विशेष पुण्यार्जन करते हैं।

# ठेकेदार विकास कार्यों में समय और क्वालिटी का रखे ध्यान : राजेश नागर

## राज्यमंत्री ने किया पौने दो करोड़ की सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत



समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। मंत्री राजेश नागर ने आज तिलपत विधानसभा क्षेत्र की पल्ला तिलपत सडक को बनाने के काम की शुरुआत करवाई। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाया साथ ही ठेकेदार को समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी। यह सडकपरशुराम चौक से लेकर बागवाली गली तक आरसीसी सीमेंट की बनाई जाएगी जिस पर करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत आएगी साथ ही करीब 36 लाख की लागत से सीवर की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तेजी से हरियाणा आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम साहब किसी विकास कार्य के लिए मना नहीं करते हैं। पूरे तिगांव विधानसभा में चल रहे विकास कार्य इस बात का सबूत हैं। नागर ने ठेकेदार और मौजूद अधिकारियों से कहा कि वह समय पर सडक और सीवर की व्यवस्था करके दे द्य जिससे कि लोगों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। नागर ने बताया कि हर विकास कार्य पर समय सीमा का ख्याल रखा जा रहा है वहीं काम की क्वालिटी पर भी नजर रखी जा रही है। इसके लिए सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को हिदायत दी जा चुकी है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई खामी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुष्कर राम पूर्व सरपंच, वासुदेव भारद्वाज, प्रहलाद शर्मा, ओम दत्त शर्मा, प्रवेश शर्मा, जयपाल शर्मा, बृज गोपाल शर्मा, बबल बैसला, प्रदीप त्रिपाठी, चुन्नी पाराशर, शंकर ठाकुर, अमित भारद्वाज, भूपेंद्र शर्मा, लाल मिश्रा, शीशराम अवाना, मुकेश शर्मा सराय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।